an>

Title: Need to include banana under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana.

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा)बारदौली:(दुनिया में केले के सबसे बड़े उत्पादक के रूप में भारत कुल वैश्विक उत्पादन में लगभग 23प्रतिशत योगदान देता है। गुजरात केले के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है जिसमें मेरा संसदीय क्षेत्र बारडोली लोकसभा जिला सूरत गुजरात भी शामिल है। यहां केले की खेती काफी ज्यादा मात्रा में होती है। इस जगह का केला देश के अनेक राज्यों में जाता है और दुनिया के कई देशों में निर्यात होता है। कभी-कभी प्रतिकूल मौसम होने के कारण केले का उत्पादन प्रभावित होता है। इससे छोटे और बड़े किसानों को अपना जीवनयापन करने में बड़ी दिक्कत होती है तथा अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि गुजरात की प्रमुख फसलों में से एक केले की फसल को भी प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना में सम्मिलित किया जाये।